# Top Current Affairs of the Week (20 July- 26 July 2020)

## लुईस हैमिल्टन ने 2020 हंगरी ग्रैंड प्रिक्स जीती

- मर्सिडीज के चालक लुईस हैमिल्टन (ग्रेट ब्रिटेन) ने 2020 फॉर्मूला -1 हंगरी ग्रैंड प्रिक्स जीती।
- रेड बुल के चालक मैक्स वेर्स्टाप्पेन (डच) और मर्सिडीज चालक वाल्टेरी बोटास (फिनलैंड) ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।
- हंगेरी ग्रैंड प्रिक्स 2020 (फॉर्मूला 1 अरामको मैगयार नागडीज) 2020 फॉर्मूला-वन वर्ल्ड चैंपियनशिप की तीसरी रेस थी।
- अन्य दो फॉर्मूला 1 चैंपियनशिप ऑस्ट्रिया में आयोजित की गई थी।

## प्रसिद्ध भारतीय गणितज्ञ एस. शेषाद्री का निधन

- सुविख्यात भारतीय गणितज्ञ **एस. शेषाद्री (88 वर्षीय)** का चेन्नई में निधन हो गया।
- वह चेन्नई मैथेमेटिकल इंस्टीट्यूट संस्थान (CMI) के संस्थापक और सुवामुक्त-निदेशक थे।
- उन्हें बीजगणित ज्यामिति में उनके कार्यों के लिए जाना जाता है।
- शेषाद्रि स्थिरांक का नाम प्रक्षेपीय असमरुपता पर किसी रेखा बंडल की तथाकथित स्थानीय धनात्मकता को व्यक्त करने के नाम पर रखा गया।
- उन्हें **2009 में पद्म भूषण** से सम्मानित किया गया।
- उन्हें **शांति स्वरूप भटनागर** और **श्रीनिवास रामानुजन पदक** भी मिला।

## मैरियाना वार्डिनोयेनिस और मोरिसाना ने 2020 मंडेला पुरस्कार जीता

- **मैरियाना वार्डिनोयेनिस** और **मोरिसाना कोयेटे** को UN द्वारा **2020 नेल्सन मंडेला पुरस्कार** से सम्मानित किया गया।
- विजेताओं की घोषणा UN महासभा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नेल्सन मंडेला दिवस पर की गई।
- वार्डिनोयेनिस ग्रीक समाज-सेविका हैं जो बाल कैंसर और बिना स्वास्थ्य बाधाओं की दुनिया से लड़ाई हेतु प्रसिद्ध हैं।
- कोयेटे गिनी के कार्यकर्ता हैं जिन्हें अफ्रीका में महिलाओं के खिलाफ हिंसा में उनके योगदान हेतु जाना जाता है।
- पुरस्कार 5 वर्ष में दिया जाता है और 2015 में पहली बार दिया गया।

**NDA 2020: An Express Course, Click Here**

## नया एंड्रॉइड मैलवेयर 'ब्लैकरॉक' खोजा गया

- **'ब्लैकरॉक'** नामक नए एंड्रॉइड मैलवेयर की खोज की गई है जो **जीमेल, अमेजन, नेटफ्लिक्स, उबर** सहित 337 ऐप से डेटा चोरी करता है।
- इसमें पासवर्ड और क्रेडिट कार्ड जानकारी चोरी करने की उन्नत सुविधाएं हैं और यह एक अन्य मैलवेयर **'Xerxes'** के सोर्स कोड पर आधारित है।
- यह **'Overlays'** तकनीक से डेटा एकत्र करता है।
- जब कोई उपयोगकर्ता वैध ऐप में प्रवेश करता है, तो यह शीर्ष पर एक नकली विंडो प्रदर्शित करता है जो उपयोगकर्ता से वास्तविक ऐप में प्रवेश करने से पहले लॉगिन के लिए कहता है।

## भारत में 273 मिलियन गरीब बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले



SSB Interview
A Comprehensive Course (Batch 4)
START FREE TRIAL

- **ऑक्सफोर्ड पॉवर्टी एंड ह्यूमन डेवलपमेंट इनिशिएटिव (OPHI)** और **संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)** ने 2020 वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI) जारी किया।
- 3 बिलियन लोग MRI 2020 के अनुसार बहुआयामी गरीबी में हैं।
- **सब-सहारा अफ्रीका** और **दक्षिण एशिया** में लगभग 84% बहुआयामी गरीब रहते हैं।
- सूचकांक के अनुसार भारत ने 273 मिलियन बहुआयामी गरीब कम किए हैं।
- **MPI 2020 में 107 देश** शामिल हैं और यह 3 आयामों तथा 10 संकेतकों पर गरीबी को मापता है।

## रियल मैड्रिड ने 34वां ला लीगा खिताब जीता

- **रियल मैड्रिड** ने विल्लारियल को 2-1 से हराकर **34वां ला लीगा** खिताब जीता।
- उन्होंने 37 गेम के बाद 86 अंक हासिल किए, जो बार्सिलोना से 7 अधिक हैं, जिन्हें उनके घर पर ओसासुना ने 2-1 से हराया था।
- स्पेनिश फुटबॉल क्लब रियल मैड्रिड के लिए ला लीगा 2019-20 का खिताब तीन वर्ष में पहला है।
- रियल मैड्रिड ने पिछली बार 2017 में खिताब जीता था।
- कोच जिनेदिन जिदान के नेतृत्व में, रियल मैड्रिड ने 10 में से सभी 10 गेम जीते, और अभी भी एक गेम शेष है।
- करीम बेंजेमा शीर्ष स्कोरर रहे।

## UAE ने जापान से अपना पहला मंगल अंतरिक्ष अभियान शुरू किया

- **UAE** ने **'होप'** नामक अपना पहला मंगल अंतरिक्ष अभियान शुरू किया, जो मंगल ग्रह के वातावरण की दैनिक व मौसमी परिवर्तनों का अध्ययन करते हुए तस्वीर प्रदान करेगा।
- यह मानवरहित मिशन है, जिसे **जापान के तनेगाशिमा स्पेस सेंटर से H2A रॉकेट** से सात महीने की यात्रा के लिए लॉन्च किया गया।
- इसके फरवरी 2021 तक मंगल की कक्षा में पहुंचने की उम्मीद है, जो सात अमीरातों के गठबंधन UAE के संघीकरण की 50वीं वर्षगांठ है।
- होप को दुबई में **मोहम्मद बिन राशिद अंतरिक्ष केंद्र (MBRSC)** द्वारा ट्रैक किया जाएगा।

## G-20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की तीसरी बैठक हुई

- सऊदी अरब प्रेसीडेंसी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से **G-20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों (FMCBG)** की तीसरी बैठक आयोजित की।
- तीसरी G20 FMCBG में भारत का प्रतिनिधित्व केंद्रीय वित्त मंत्री **निर्मला सीतारमण** ने किया।
- यह बैठक वर्ष 2020 के लिए अन्य G20 वित्तीय प्राथमिकताओं के साथ बढ़ते COVID-19 महामारी संकट के बीच वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण पर केंद्रित है।
- G-20 19 देशों और यूरोपीय संघ का प्रमुख आर्थिक सहयोग मंच है।

## NABL ने CIPET को PPE किट परीक्षण और प्रमाणन हेतु अधिकृत किया

- **सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (CIPET), भुवनेश्वर** को PPE किट परीक्षण और प्रमाणन के लिए **राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (NABL)** द्वारा अधिकृत किया गया।
- किट में अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप दस्ताने, कवरॉल, फेस शील्ड, गॉगल्स और ट्रिपल लेयर मेडिकल मास्क शामिल हैं।
- CIPET WHO और ISO दिशानिर्देशों के अनुसार स्वास्थ्य सेवा अनुसंधान-विकास पहल कर रहा है।



SSB Interview
A Comprehensive Course (Batch 4)
START FREE TRIAL

## एम्स दिल्ली ने वीडियो-परामर्श कार्यक्रम e-ICU शुरू किया

- **एम्स, नई दिल्ली** ने COVID-19 मृत्यु दर को कम करने के प्रयासों को मजबूत करने हेतु देश भर में '**e-ICU'** नामक वीडियो-परामर्श कार्यक्रम शुरू किया।
- 'e-ICU' का उद्देश्य COVID-19 रोगियों का इलाज करने वाले डॉक्टरों के बीच केस-मैनेजमेंट चर्चा करना है।
- COVID-19 चिकित्सक एम्स, नई दिल्ली के अन्य चिकित्सकों और विशेषज्ञों से प्रश्न पूछ सकते हैं, अपना अनुभव और ज्ञान साझा कर सकते हैं।
- अब तक 11 राज्यों के 43 बड़े अस्पतालों को कवर किया गया है।
- इसमें 2 घंटे के विभिन्न सत्र होंगे।

## HRD मंत्री ने मनोदर्पण पहल शुरू की

- केंद्रीय HRD मंत्री, **रमेश पोखरियाल** ने **आत्मनिर्भर भारत अभियान** के अंतर्गत **मनोदर्पण पहल** शुरू की।
- यह छात्रों को COVID प्रकोप के दौरान और उससे बाद अपने मानसिक स्वास्थ्य और हितों के लिए **मनोसामाजिक सहायता** प्रदान करने हेतु अनेक गतिविधियां आयोजित करेगी।
- यह **मानव पूंजी वृद्धि और उत्पादकता बढ़ाने** का एक भाग होगी।
- देश भर के छात्र, शिक्षक और अभिभावक स्वस्थ और तनाव मुक्त जीवन जीने की पहल में शामिल होंगे।

## केंद्रीय मंत्री ने दिल्ली में सार्वजनिक EV चार्जिंग प्लाजा का उद्घाटन किया

- ऊर्जा मंत्री **आर.के. सिंह** ने नई दिल्ली में **भारत के पहले सार्वजनिक EV (इलेक्ट्रिक व्हीकल) चार्जिंग प्लाजा** का उद्घाटन किया।
- EV चार्जिंग प्लाजा भारत में ई-मोबिलिटी को देशव्यापी और आसान बनाने हेतु नया अभिनव मार्ग है
- इसे **एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड** और **NDMC** द्वारा लॉन्च किया गया।
- प्लाजा में विभिन्न प्रकार के 5 इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जर होंगे।
- **रेट्रोफिट ऑफ एयर-कंडीशनिंग टू इम्प्रूव इंडोर एयर क्वालिटी फॉर सेफ्टी एंड एफिशिएंसी (RAISE)** भी लॉन्च किया गया।

## भारतीय नौसेना ने अमेरिका के साथ पैसेक्स अभ्यास किया

- **भारतीय नौसेना** ने हिंद महासागर क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना के साथ 'पैसेक्स' अभ्यास किया।
- यह भारतीय नौसेना के जहाजों **राणा, सह्याद्री, शिवालिक और कमोर्टा** द्वारा **USS निमित्ज (CVN 68), USS प्रिंसटन (CG 59), USS स्टेरेट्ट (DDG 104) और USS राल्फ जॉनसन (DDG 114)** के साथ मिलकर किया गया।
- USS निमित्ज एक परमाणु ऊर्जा संचालित एयरक्राफ्ट कैरियर है।
- यह दक्षिण चीन सागर से खाड़ी क्षेत्र में तैनात किया जाएगा।
- भारतीय नौसेना ने हाल ही में जापान और फ्रांस के साथ भी ऐसे संयुक्त अभ्यास किए थे

## मप्र के राज्यपाल लालजी टंडन का निधन

- मध्य प्रदेश के राज्यपाल **लालजी टंडन (85 वर्षीय)** का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया।
- वह 1978-1984 और 1990-1996 तक दो कार्यकाल में **उत्तर प्रदेश विधान परिषद** में रहे।
- उन्होंने 1996 से 2009 के बीच 3 कार्यकाल के लिए उत्तर प्रदेश विधान सभा में विधायक के रूप में कार्य किया।
- वह लखनऊ निर्वाचन क्षेत्र से 15वीं लोकसभा में सांसद भी थे।



SSB Interview
A Comprehensive Course (Batch 4)
START FREE TRIAL

- उन्हें **2018 में बिहार का राज्यपाल**, और फिर **2019 में मध्य प्रदेश का राज्यपाल** नियुक्त किया गया।

## MoD और BEML ने 1,512 खदान हल की खरीद हेतु MoU पर हस्ताक्षर किए

- **रक्षा मंत्रालय (MoD)** की उपार्जन शाखा ने 557 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से T-90 S/SK के लिए **1,512 खदान हल (MP)** की खरीद हेतु **भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (BEML)** के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- इस कदम से सरकार की **'मेक इन इंडिया'** पहल को बढ़ावा मिलेगा।
- अनुबंध में न्यूनतम 50% स्वदेशी सामग्री के साथ खरीद और निर्माण वर्गीकरण है।
- यह खदान क्षेत्र कार्यों के दौरान टैंक को स्व-गतिशीलता की सुविधा प्रदान करेगा।
- इसे 2027 तक पूरा करने की योजना है।

## उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 लागू हुआ

- **उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019** लागू हुआ जो अधिसूचित नियमों और उपबंधों के माध्यम से उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करते हुए उन्हें सशक्त करेगा।
- यह उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 की जगह लेगा।
- CPA अधिनियम 2019 में उपभोक्ताओं के अधिकारों को बढ़ावा, सुरक्षा और उन्हें लागू करने के लिए **केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (CCPA)** की स्थापना शामिल है।
- यह मध्यस्थता का वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र प्रदान करेगा।
- **5 लाख रुपये तक के मामले दर्ज करने के लिए कोई शुल्क नहीं होगा।**

AFCAT II 2020: An Express Course, Click Here

## छत्तीसगढ़ में ग्रामीण अर्थव्यवस्था के प्रोत्साहन हेतु 'गोधन न्याय योजना'

- छत्तीसगढ़ के CM भूपेश बघेल ने **'गोधन न्याय योजना'** शुरू की।
- इसके तहत, राज्य सरकार पशुपालकों से 2 रुपये/किग्रा की दर से गोबर खरीदेगी।
- **महिला स्व-सहायता समूहों** द्वारा इसके लिए **कृमि खाद** तैयार और किसानों को 8 रुपये/किग्रा मूल्य पर बेचा और गोबर का उपयोग अन्य उत्पादों में किया जाएगा।
- यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ाते हुए पशु पालन को बढ़ावा देगी, पशुधन रक्षा सुनिश्चित करेगी, पशुपालकों को अतिरिक्त आय प्राप्त करने में मदद करेगी, खुले में चराई का मुकाबला करेगी।

## PM मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से इंडिया आइडिया समिट 2020 को संबोधित किया

- PM नरेंद्र मोदी ने **इंडिया आइडिया समिट 2020** को संबोधित किया।
- यह मजबूत घरेलू आर्थिक क्षमताओं द्वारा वैश्विक आर्थिक लचीलेपन के सृजन पर केंद्रित था।
- यह **USIBC की 45वीं वर्षगांठ** के उपलक्ष्य में **यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल (USIBC)** द्वारा आयोजित किया गया, जिसे निवेश व भारत-अमेरिका आर्थिक साझेदारी बढ़ाने हेतु स्थापित किया गया।
- प्रधानमंत्री ने उदारता, अवसरों और उन विकल्पों पर चर्चा की, जो भारत सभी क्षेत्रों में भारी निवेश हेतु प्रदान करता है।
- विषय: '**Building a Better Future**'



SSB Interview
A Comprehensive Course (Batch 4)
START FREE TRIAL

# गृहमंत्री वृक्षारोपण अभियान 2020 शुरू करेंगे

- केंद्रीय गृह मंत्री **अमित शाह** और कोयला मंत्रालय नई दिल्ली में **'वृक्षारोपण अभियान 2020'** शुरू करेंगे।
- इसके तहत, खदानों, कार्यालयों, कोयला / लिग्नाइट PSU और उसके आस-पास के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाएगा।
- वह राजस्व और रोजगार सृजन हेतु मनोरंजन, साहसिक कार्य, पक्षी दर्शन आदि के लिए मार्ग प्रदान करने वाले **6 इकोपार्क / पर्यटन स्थलों** की नींव भी रखेंगे।
- यह कार्यक्रम **10 कोयला / लिग्नाइट समृद्ध राज्यों के 130 स्थानों** में शुरू किया जाएगा।

# NEOWISE धूमकेतु पृथ्वी के सबसे निकट पहुंचा

- **NEOWISE धूमकेतु (C/2020F3)** सबसे चमकीला धूमकेतु है जिसे दुनिया भर में पृथ्वी से रात्रि में नग्न आंखों से आकाश में देखा जा सकता है क्योंकि यह पृथ्वी से निकटतम दूरी पर है।
- यह 6800 वर्ष बाद ही दिखाई पड़ता है।
- नेहरू विज्ञान केंद्र ने चर्चा हेतु व्याख्यानमाला 'Comet NEOWISE – A Primer' आयोजित की।
- इसे पहली बार नासा के **नियर-अर्थ ऑब्जेक्ट वाइड-फील्ड इन्फ्रारेड सर्वे एक्सप्लोरर (NEOWISE) मिशन** द्वारा देखा गया था।
- धूमकेतु छोटे बर्फीले चट्टानी पदार्थ, धूल और बर्फ के पिंड हैं।

# भारत ने एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल 'ध्रुवास्त्र' का सफल परीक्षण किया

- **भारत** ने स्वदेशी एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (ATGM) **'ध्रुवास्त्र'** का सफल परीक्षण किया।
- इसका परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर में इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से हुआ।
- 'ध्रुवास्त्र' DRDO द्वारा विकसित है।
- इसे **हेलीकॉप्टर लॉन्च्ड नाग मिसाइल (HELINA)** नाम भी दिया गया है और यह तीसरी पीढ़ी की फायर एंड फॉर्गेट श्रेणी की ATGM प्रणाली है, जिसे हल्के उन्नत हेलीकॉप्टर पर लगाया जाएगा।
- इसकी मारक सीमा 7 किमी है और इसमें 4 फोल्डेबल विंग लगे हैं और वजन 43 किग्रा है।

# ग्रेटा थुनबर्ग गुलबेंकियन प्राइज फॉर ह्यूमैनिटी विजेता बनीं

- जलवायु कार्यकर्ता, **ग्रेटा थुनबर्ग (स्वीडन)** को **गुलबेंकियन प्राइज फॉर ह्यूमैनिटी** विजेता चुना गया।
- उन्हें जलवायु परिवर्तन का सामना करने में युवा पीढ़ी को एकजुट करने के प्रयासों हेतु सम्मानित किया जाएगा
- पुर्तगाल का **गुलबेंकियन प्राइज फॉर ह्यूमैनिटी** दुनिया भर में जलवायु परिवर्तन को कम और अनुकूल बनाने हेतु व्यक्तियों, समूहों या संगठनों को प्रदान किया जाता है।
- उन्हें **1 मिलियन यूरो की राशि** मिलेगी।
- उन्हें दो बार नोबेल शांति पुरस्कार हेतु नामित किया गया।

# स्पेसएक्स ने दक्षिण कोरिया का सैन्य संचार उपग्रह 'ANASIS-II' लॉन्च किया

- **स्पेसएक्स** ने केप कैनवेरल एयर फोर्स स्टेशन, फ्लोरिडा पर SLC-40 से फाल्कन 9 रॉकेट द्वारा **दक्षिण कोरिया का पहला सैन्य संचार उपग्रह 'ANASIS-II'** लॉन्च किया।
- ANASIS-II: **आर्मी / नैवी / एयर फोर्स सैटेलाइट इनफॉर्मेशन सिस्टम 2**



SSB Interview
A Comprehensive Course (Batch 4)
START FREE TRIAL

- यह एक सुरक्षित रक्षा संचार उपग्रह है और यह कोरियासेट -5 / ANASIS-I, संयुक्त नागरिक-सैन्य उपग्रह (2006) का पूरक होगा।
- इसके साथ, दक्षिण कोरिया अलग सैन्य संचार उपग्रह रखने वाला 10वां देश बन गया।

## चीन ने मानव रहित मंगल मिशन 'तियानवेन -1' सफलतापूर्वक लॉन्च किया

- चीन ने हाइनान के दक्षिणी द्वीप पर **वेनचांग स्पेस लॉन्च सेंटर** से सबसे बड़े कैरियर रॉकेट 'लॉन्ग मार्च 5 Y-4' द्वारा मंगल ग्रह पर मानव रहित मिशन **'तियानवेन -1'** सफलतापूर्वक लॉन्च किया।
- यह किसी अन्य ग्रह पर चीन का पहला स्वतंत्र मिशन है जो अंतरिक्ष और प्रौद्योगिकी में वैश्विक नेतृत्व को दर्शाता है।
- **'तियानवेन -1' या 'स्वर्ग से सवाल'** के फरवरी 2021 में मंगल पर पहुंचने और 90 दिनों के लिए एक रोवर उतारने की उम्मीद है।
- UAE का मिशन होप एक अन्य हालिया मंगल मिशन है।

## DRDO ने लेह में COVID-19 परीक्षण केंद्र स्थापित किया

- **रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO)** ने डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ हाई एल्टीट्यूड रिसर्च (DIHAR) लैब, लेह में **COVID-19 परीक्षण केंद्र** स्थापित किया।
- यह क्षेत्र में कोरोना मामलों की परीक्षण दर में सुधार हेतु शुरू किया गया है।
- इसमें संक्रमित व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखने के साथ-साथ एक दिन में 50 नमूनों की जांच करने की क्षमता है।
- यह भविष्य के जैव-खतरों को देखते हुए R&D गतिविधियों के साथ लोगों को प्रशिक्षण भी प्रदान करेगा।
- लद्दाख के उप-राज्यपाल: **आर.के. माथुर**

## CCI ने अडानी पोर्ट व SEZL द्वारा कृष्णपट्टनम बंदरगाह के अधिग्रहण को मंजूरी

- **भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI)** ने **अडानी पोर्ट** और **स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड** द्वारा **कृष्णपट्टनम पोर्ट लिमिटेड** के अधिग्रहण को मंजूरी दी।
- इसमें इक्विटी शेयरहोल्डिंग और प्रबंधन नियंत्रण का अधिग्रहण होगा।
- **अडानी पोर्ट** 6 समुद्री राज्यों गुजरात, गोवा, केरल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, ओडिशा में ग्राहक-उपयोगी अवसंरचना-सेवा प्रदाता एकीकृत बंदरगाह है।
- अधिग्राहक साजो-सामान श्रृंखला जैसे पोत प्रबंधन, अंतर्देशीय परिवहन, भंडारण आदि का प्रबंधन करेगा।

## हुसैन जैदी ने 'द एंडगेम' नामक नया उपन्यास लिखा

- अनुभवी अपराध और आतंक विषय लेखक **एस. हुसैन जैदी** ने **'द एंडगेम'** नामक एक नया उपन्यास लिखा है जो राजनीति, विश्वासघात, अकल्पनीय भय की बात करता है।
- 'द एंडगेम' **हार्पर कॉलिन्स इंडिया** द्वारा प्रकाशित किया गया।
- पुस्तक उन चुनौतियों का पता लगाती है जिसका देश की सुरक्षा किसी समय के अंदर और बाहर सामना करती हैं।
- उनकी अन्य रचनाएं **डोंगरी टू दुबई: 6 डेकेड ऑफ मुंबई माफिया, माफिया क्वींस ऑफ मुंबई, ब्लैक फ्राइडे, माई नेम इज अबू सलेम** और **मुंबई एवेंजर्स** हैं।

## सोनू सूद ने प्रवासी श्रमिकों हेतु 'प्रवासी रोजगार' ऐप का अनावरण किया



SSB Interview
A Comprehensive Course (Batch 4)
START FREE TRIAL

- अभिनेता **सोनू सूद** ने प्रवासी श्रमिकों को देश भर के विभिन्न कार्यक्षेत्रों में उचित नौकरी के अवसर खोजने में सहायता हेतु **'प्रवासी रोजगार'** ऐप लॉन्च किया।
- यह ऑनलाइन प्लेटफॉर्म गांवों में सामुदायिक पहुंच समर्थित होगा।
- इसमें निर्माण, परिधान, स्वास्थ्य सेवा, इंजीनियरिंग, BPO, सुरक्षा, ऑटोमोबाइल, ई-कॉमर्स और लॉजिस्टिक क्षेत्रों में 500 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों से नौकरी के अवसर उपलब्ध होंगे।
- इसमें अंग्रेजी बोलने जैसे विशिष्ट नौकरी प्रशिक्षण कार्यक्रम भी होंगे।



SSB Interview
A Comprehensive Course (Batch 4)
START FREE TRIAL